**श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा एवं संबद्ध गांधी स्मारक चिकित्सालय एवं संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय रीवा में बायोमेडिकल इंजीनियर के रिक्त पदों हेतु कार्यालयीन विज्ञप्ति क्रमांक 19963/स्था/अराज/एम.सी./2021 दिनांक 15.09.2021 के अनुक्रम में चयन समिति की बैठक दिनांक 20.06.2022 अपरान्ह 04:00 बजे**

**//कार्यवाही विवरण//**

कार्यालयीन आदेश क्र. 29260/स्था/अराज/एमसी/2021, रीवा, दिनांक 24.12.2021 द्वारा अधिष्ठाता की अध्यक्षता में गठित चयन समिति की बैठक दिनांक 20.06.2022 अपरान्ह 04:00 बजे अधिष्ठाता कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

1. डॉ. अवतार सिंह यादव, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, जीएमएच रीवा।
2. डॉ. पंकज चौधरी, प्राध्यापक, नेत्र रोग विभाग। (विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)
3. डॉ. सुरेन्द्र सिंह मौपाची, प्राध्यापक, ई.एन.टी. विभाग।
4. डॉ. सुरेश कुमार सूत्रकार, प्राध्यापक (नामित), पैथालॉजी विभाग। (विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)
5. डॉ. आदेश पाटीदार, प्राध्यापक (नामित), फार्माकोलॉजी विभाग।

---

इसके अतिरिक्त डॉ. जितेन्द्र नाथ चतुर्वेदी, सह-प्राध्यापक (नामित), फार्माकोलॉजी विभाग एवं प्रभारी अधिकारी, स्थापना शाखा (अराजपत्रित) भी उपस्थित रहे।

---

सर्वप्रथम चयन समिति की बैठक दिनांक 08.04.2022 में लिये निर्णय अनुसार बायोमेडिकल इंजीनियर के पद पर प्रावधिक चयनित उम्मीदवार श्री नारेन्द्र सिंह पिता श्री वीरेन्द्र सिंह के संबंध में सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के ई-मेल पत्र दिनांक 24.03.2022 के अनुक्रम में जारी कार्यालयीन पत्र क्रमांक 8490/स्था/अराज/एम.सी./2022 दिनांक 08.04.2022 का अवलोकन किया गया।

2/ उक्त पत्र के तारतम्य में प्रभारी अधिकारी, स्थापना शाखा (अराजपत्रित) द्वारा अवगत कराया गया कि, सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के महाप्रबंधक के ई-मेल पत्र क्रमांक SSMCH/GM/ADMIN/2022/1060 दिनांक 26.04.2022 एवं संचालक, सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के ई-मेल दिनांक 02.05.2022 द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई है, जिसका चयन समिति द्वारा अवलोकन किया गया।

3/ तत्पश्चात् प्रभारी अधिकारी, स्थापना शाखा (अराजपत्रित) द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यालयीन पत्र क्र. 11828/स्था/अराज/एमसी/2022, रीवा, दिनांक 20.05.2022 द्वारा कु. जिनी शैलजा त्यागी के अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु लेख किया गया था, जिसके अनुक्रम में अस्पताल अधीक्षक, चिरायु मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के ई-मेल (info@cmchbhopal.com) दिनांक 26.05.2022 द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र को सत्यापित कर अनुभव प्रमाण पत्र में जावक क्र. Ref CMCH/2021/SEP/140A, Date: 22.09.2022 के साथ भेजा गया है। प्राप्त सत्यापित प्रमाण पत्र में उल्लेखित तिथि (22.09.2022) त्रुटिपूर्ण होने की जानकारी संबंधित संस्था को 02 बार ई.मेल के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया, परन्तु आज दिनांक तक इस संबंध में कोई जानकारी संबंधित संस्था द्वारा प्राप्त नहीं हुई है।

20/06/22 20/06/2022 20/06/2022

क्रमशः.............02

4/ कार्यालयीन सूचना क्रमांक 1981/स्था/अराज/एम.सी./2022 रीवा, दिनांक 11.01.2022 के अनुक्रम में बायोमेडिकल के पद हेतु प्राप्त दावा/आपत्तियों, आवेदक – श्री नारेन्द्र सिंह एवं कु. जिनी शैलजा त्यागी के द्वारा प्रस्तुत समस्त अभ्यावेदन, चयन समिति की बैठक दिनांक 06.06.2022 एवं 08.06.2022 में की गई कार्यवाही तथा विज्ञप्ति क्रमांक 19963/स्था/अराज/एम.सी./2021 दिनांक 15.09.2021 की निर्धारित शर्तों के अधीन निम्नलिखित तथ्य समक्ष हैं :–

(अ) विज्ञप्ति में उल्लेखित टिप्पणी क्रमांक 11 अनुसार "अभ्यार्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।"

(ब) चयन समिति की बैठक दिनांक 24.01.2022 की कार्यवाही के अनुक्रम में दिनांक 03.01.2022 को स्क्रूटनी उपरांत प्रावधिक पात्र एवं चयनित/प्रतीक्षारत समस्त उम्मीदवारों से ई–मेल के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्राप्त किया गया।

(स) उपरोक्तानुसार उम्मीदवारों से प्राप्त रोजगार कार्यालय के पंजीयन के परीक्षण उपरांत पाया गया कि, श्री नारेन्द्र सिंह के रोजगार कार्यालय में पंजीयन 00033202200749 दिनांक 12 जनवरी, 2022 है, जिससे यह स्पष्ट है कि, आवेदक का आवेदन के समय मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन नहीं था।

(द) आवेदिका जिनी शैलजा त्यागी के बायोमेडिकल इंजीनियर के रूप में कार्य अनुभव के संबंध प्रस्तुत प्रमाण पत्र दिनांक 22.09.2021, जो कि मेडिकल सुपरइन्टेंडेंट, चिरायु मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल द्वारा जारी किया गया है, में अंकित अनुभव दिनांक 16.09.2020 से 15.09.2021 तक है।

(ई) आवेदिका जिनी शैलजा त्यागी के अभ्यावेदन दिनांक 07.01.2022 द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार कु. जिनी शैलजा त्यागी एस.जी.एस.आई.टी.एस. इन्दौर में वर्ष 2020 से एम.टेक. बायोमेडिकल सिग्नल प्रोसेसिंग एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशन में प्रवेशित होकर नवम्बर 2020 में एम.टेक. प्रथम सेमेस्टर एवं अप्रैल 2021 में द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हुई हैं।

(फ) दिनांक 08.06.2022 को आवेदिका जिनी शैलजा त्यागी के चयन समिति के समक्ष उपस्थित होकर समिति द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर तथा आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा के पत्र क्रमांक–6/वि/यो/2022/1852, रीवा, दिनांक 15.06.2022 के साथ आवेदिका जिनी शैलजा त्यागी का आवेदन दिनांक 08.06.2022 अनुसार आवेदिका द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, भोपाल में दिनांक 16.09.2020 से 15.09.2021 तक अवैतनिक बायोमेडिकल इंजीनियर के रूप में चिरायु मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, भोपाल में कार्यरत् रहना तथा उसी अवधि में एस.जी.एस.आई. टी.एस., इंदौर में एम.टेक. बायोमेडिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में नियमित छात्रा के रूप में अध्ययनरत होना पाया गया है

(ज) उपरोक्त बिन्दु (फ) अनुसार यह स्पष्ट है कि कु. जिनी शैलजा त्यागी के बायोमेडिकल इंजीनियर के रूप में कार्य अनुभव अवधि में एम.टेक. बायोमेडिकल सिग्नल प्रोसेसिंग एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशन पाठ्यक्रम में नियमित छात्रा के रूप में अध्ययन किया गया है।

क्रमशः............03

20/06/22 20/06/2022 20/06/2022

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि :–

01. श्री नारेन्द्र सिंह के पास आवेदन के समय मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन नहीं था, अतः विज्ञप्ति की टिप्पणी क्रमांक 11 अनुसार संबंधित के पास आवेदन की अंतिम तिथि तक अनिवार्य दस्तावेज (मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन) उपलब्ध न होने के फलस्वरूप अभ्यर्थिता अमान्य की गई।

02. आवेदिका जिनी शैलजा त्यागी के अनुभव प्रमाण पत्र दिनांक 22.09.2021 में उल्लेखित अवधि में अवैतनिक कार्य कर अनुभव प्राप्त करना एवं उसी अवधि में एम.टेक. बायोमेडिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में नियमित छात्रा के रूप में अध्ययनरत् होने के कारण संबंधित के बायोमेडिकल इंजीनियर के कार्य अनुभव को चयन समिति द्वारा अमान्य किया गया।

03. उपरोक्तानुसार कार्यालयीन सूचना क्र. 583/स्था/अराज/एमसी/2022, रीवा, दिनांक 07.01.2022 द्वारा जारी प्रावधिक चयन एवं प्रतीक्षा सूची में दर्शाये उम्मीदवार– नारेन्द्र सिंह, पिता श्री वीरेन्द्र सिंह एवं जिनी शैलजा त्यागी, पिता श्री जे.एल. त्यागी की अभ्यर्थिता निरस्त किए जाने का निर्णय लिया जाता है।

04. कार्यालयीन सूचना क्र. 29054/स्था/अराज/एमसी/2021, रीवा, दिनांक 23.12.2021 द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में उपरोक्त उम्मीदवारों के पश्चात् मेरिट के क्रम में उपलब्ध निम्नलिखित 03 उम्मीदवारों को मूल अभिलेखों के परीक्षण हेतु दिनांक 28.06.2022 को स्क्रूटनी समिति के समक्ष उपस्थित होने की सूचना जारी करने का निर्णय लिया गया:–

| Common Rank | Name | Father_Name | DOB | Category | Score |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | ABHISHEK SONI | RAMLAL SONI | 12-09-95 | OBC(Non Creamy Layer) | 45 |
| 5 | HEMANT DANGI | PADAM SINGH DANGI | 31-12-83 | UR | 44 |
| 6 | VEERENDRA PATEL | DASHRATH PATEL | 10-06-94 | OBC(Non Creamy Layer) | 41 |

05. कार्यवाही विवरण को महाविद्यालय की वेबसाईट www.ssmcrewa.com पर प्रदर्शित किया जावे।

20/06/22
डॉ. आदेश पाटीदार,
प्राध्यापक (नामित)
फार्माकोलॉजी विभाग
(सदस्य)

Seen through V.C.
डॉ. सुरेश कुमार सूत्रकार,
प्राध्यापक (नामित),
पैथालॉजी विभाग
(सदस्य)

20/06/2022
डॉ. सुरेन्द्र सिंह मौपाची
प्राध्यापक,
ई.एन.टी. विभाग
(सदस्य)

Seen through V.C.
डॉ. पंकज चौधरी,
प्राध्यापक,
नेत्र रोग विभाग
(मनोनीत सदस्य)

20/06/2022
डॉ. अवतार सिंह यादव,
संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
जीएमएच रीवा
(सदस्य)

20/6/22
डॉ. देवेश सारस्वत
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं अधिष्ठाता
(अध्यक्ष)